एम. के. वार्ष्णेय • गुलाब चन्द पाटिल

# प्रबलित सीमेंट कंक्रीट ड्राइंग

## REINFORCED CEMENT CONCRETE (RCC) DRAWING



एशियन पब्लिशर्स, मुज़फ़्फ़रनगर®

AKC TECHNICAL CLASSES

# Syllabus

# REINFORCED CEMENT CONCRETE (RCC) DRAWING

## RATIONALE

Diploma holders in Civil Engineering are required to supervise the construction of RC structures. Thus one should be able to read and interpret drawings of RC structures. The competence to read and interpret structural drawings is best learnt by being able to draw these drawings. Hence there is a need to have a subject devoted to preparation of structural drawings.

## LEARNING OUTCOMES

After undergoing the subject, students will be able to:

- Draw the reinforcement details for various structural elements from the given data
- Calculate reinforcement details from the given drawings
- Draw bar bending schedule from drawing
- Read and interpret R.C.C. drawings

## DETAILED CONTENTS

1. **RC Drawing:** Reinforcement details from the given data for the following structural elements with bar bending schedules:
   (i) General instruction and rules, Drawing No. 1—Lap, Joint, Development drawing: Length, Rings, Hook etc.
   (ii) Drawing No. 2: RC Slabs—One way slab, Two way slab and Cantilever slab.
   (iii) Drawing No.3: Beams—Singly and doubly reinforced rectangular beams and Cantilever beam (All beams with vertical stirrups), T Beam, Tapered Beam.
   (iv) Drawing No.4: Columns and Footings—Square, Rectangular and Circular Columns with lateral ties and their isolated sloped column footings, column and beam junction.
   (v) Drawing No. 5: Portal Frame—Three bay two storey RC portal frame with blow up of column beam junctions.
   (vi) Drawing of cantilever retaining wall showing details of all the members and reinforcement.
   (vii) Drawing of Intze type water tank showing details of all the members and reinforcement.
   (viii) Drawing No. 6: Draw at least one sheet using AutoCAD software.

AKC TECHNICAL CLASSES

# विषय-सूची


| क्र०सं० | अध्याय | पेज |
| --- | --- | --- |
| 1. | प्रबलित सीमेंट कंक्रीट संरचनायों का परिचय (Introduction to Reinforced Cement Concrete Structures) | 1–72 |
| 2. | प्रास प्रतिधारक दीवारें (Retaining Walls – Cantilever Type) | 73–91 |
| 3. | शिरोपरि जल संग्रहण टंकी (Over head Water Tank) | 92–118 |
| 4. | RCC ड्राइंग (RCC Drawing) | 119–192 |


AKC TECHNICAL CLASSES

Chapter

# 1 प्रबलित सीमेंट कंक्रीट संरचनायों का परिचय

## (INTRODUCTION TO REINFORCED CEMENT CONCRETE STRUCTURES)

### § 1.1. प्रस्तावना (Introduction) :

सादा सीमेंट कंक्रीट केवल सम्पीडन (Compression) में सामर्थ्य रखती है परन्तु तनाव/तनन (Tension) में बहुत कमजोर होती है तथा सामर्थ्य लगभग सम्पीडन के $\frac{1}{10}$ भाग से $\frac{1}{15}$ भाग तक रहती है जो बहुत कम है अतः सादा सीमेंट कंक्रीट को तनाव के लिये उपयोग में नहीं लाया जाता है। अतः तनाव को सहन करने के लिये सादा सीमेंट कंक्रीट को प्रबलित करने के लिये इसमें इस्पात की छड़ें लगायी जाती हैं तब इसे प्रबलित सीमेंट कंक्रीट (Reinforced Cement Concrete, R.C.C.) कहते हैं। प्रबलन इस्पात (Reinforcement Steel) की मात्रा सेक्शनल क्षेत्रफल का 0.7% से 4% तक होती है। प्रबलन स्टील के कारण सादा कंक्रीट की बीम में 10 गुणा मजबूती आ जाती है। इस्पात, सम्पीडन तथा तनाव दोनों में बराबर की सामर्थ्य रखत है।

R.C.C. में मृदु इस्पात (Mild Steel) की गोल छड़ों (Round Bars) 5 mm से 40 mm व्यास का प्रयोग होता है लेकिन वर्तमान में रिब्ड तथा टोर (Ribbed and Tor) स्टील की छड़ों का अधिक उपयोग किया जाता है।

### § 1.2. आर०सी०सी० के गुण (Merits of R.C.C.) :

सीमेंट कंक्रीट तथा इस्पात का संयोजन (Combination) से एक ऐसा प्रयोगिक (compound) पदार्थ बन जाता है जिसके निम्न गुण होते हैं।

(i) प्रबलित सीमेंट कंक्रीट के अवयव (Component of R.C.C.) सम्पीडन तथा तनाव दोनों प्रकार के प्रतिबलों के लिये बराबर की सामर्थ्य रखता है।

(ii) इस्पात छड़ें तथा कंक्रीट एक दूसरे के साथ मजबूत जोड़ (Bond) बना लेती है जिसके कारण प्रतिबल एक पदार्थ से दूसरे पदार्थ में सरलता से स्थानान्तरित हो जाते हैं।

(iii) तापमान के अन्तर आने पर आन्तरिक प्रतिबल उत्पन्न नहीं होते क्योंकि इस्पात में उच्च तनाव बल (High Tensile Strength), मोडूलस ऑफ-इलास्टीसिटी (Modulus of Elasticity) तथा कंक्रीट के समान ही प्रसार (Expension) तथा सकुंचन (Contraction) के गुण (properties) होते हैं।

(iv) इस्पात की छड़ें कंक्रीट में होने के कारण इन पर सीमेंट का कोट (Coating) चढ़ जाता है जो जंग लगने तथा इस्पात के क्षय होने से बचाता है तथा इस्पात पर कोई रासायनिक क्रिया नहीं होती है।

### § 1.3. प्रबलन इस्पात के प्रकार (Kind of Reinforcement) :

भारतीय मानक ब्यूरो (B.I.S.) ने प्रबलन के लिये निम्न प्रकार के इस्पात की संस्तुति की है।

(i) Fe 250 (Mild Steel) (I.S.: 432) Grade I & II

(ii) Fe 350 (Medium Tensile Steel (I.S.: 432)

(iii) High Yield Strength Steel (I.S.: 1786-1985)

(a) Fe 415 (Tor-40)

(b) Fe 500 (Tor-50)

ये छडे विरूपित (Deformed Bars) के रूप में उपलब्ध हैं।

AKG TECHNICAL CLASSES

## § 1.4. प्रबलन इस्पात का आकार (Shape of Reinforcement) :

(a) **गोल छड़ें (Round Bars)**—ये छड़ें 6, 8, 10, 12, 14, 16, 18, 20, 22, 25, 28, 30, 32, 36, 40, 45 व 50 व्यास मि०मी० में उपलब्ध होती है। इनकी अधिकतम लम्बाई 13 मी० आती है। अब इन इस्पात छड़ों की मांग बहुत कम हो चुकी है।

(b) **विरूपित छड़ें (Deformed Bars)**—कंक्रीट का अभिलाग/बन्धन (Bond) बढ़ाने के लिये इनकी सतह को खुरदरा बनाया जाता है और इन छड़ों के प्रयोग से लगभग 40% प्रबलन इस्पात की बचत की जा सकती है। चित्र 1.1 देखें।

(c) **ऐंठी हुयी छड़ें (Twisted Bars) or Tor Bars**—इन्हें टोर इस्पात (Tor Steel) भी कहते हैं। Cold Twisted Deformed (CTD) यह ब्रान्ड नाम TORISTEG-STEEL से लिया गया है। इन छड़ों के प्रयोग से लगभग 33% प्रबलन इस्पात की बचत की जा सकती है।

ये छड़ें (HYSD Bars) (High Yield Strength Deformed Bars) कहलाती है। अत: T.M.T. (Thermo Mechanically Treated) Fe 415 भी उपलब्ध है।

ये टोर छड़ें भी गोल छड़ों के उपरोक्तानुसार व्यास में उपलब्ध हैं। ये छड़ें 9 मी० लम्बाई में मिलती है।



**चित्र 1.1—विरूपित छड़ (Deformed Bar)**

**सारणी 1.1—Weight of Steel Sections Commonly used in Building Work**

| Bars<br>1 | Weight Kg/M for Round Bars Plain or Ribbed Tor<br>2 | Length (m) per tone<br>3 | Weight kg/m For Square Bars<br>4 |
|---|---|---|---|
| Dia (mm) | | | |
| 5 | 0.154 | 6494 | 0.196 |
| 6 | 0.22 | 4505 | 0.28 |
| 8 | 0.39 | 2332 | 0.50 |
| 10 | 0.62 | 1621 | 0.78 |
| 12 | 0.89 | 1125 | 1.13 |
| 16 | 1.58 | 829 | 2.01 |
| 18 | 1.99 | 500 | Not manufactured |
| 20 | 2.47 | 405 | 3.14 |
| 25 | 3.85 | 260 | 4.91 |
| 32 | 6.31 | 159 | 8.04 |

Mild steel compression reinforcement can be replaced by Ribbed tor steel as per table of I.S. 1786 given below:

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Mild steel mm | 12 | 16 | 20 | 22 | 25 | 28 | 32 | 40 |
| Ribbed steel mm | 10 | 14 | 2 × 8 | 18 | 20 | 22 | 2 × 14 | 32 |

AKC TECHNICAL CLASSES

**सारणी 1.2—कंक्रीट के ग्रेड (Grades of Concrete)**
**(I.S. 456-2000)**

| ग्रुप | ग्रेड | अभिलक्षणिक सम्पीडन सामर्थ्य, $f_{ck}$ (150 mm घन की 28 दिन की तराई पर) (Allowable Compressive Strength) N/mm$^2$ |
|---|---|---|
| (i) सामान्य कंक्रीट (Ordinary conc.) | M–10 | 10 |
| | M–15 | 15 |
| | M–20 | 20 |
| (ii) मानक कंक्रीट (Standard conc.) | M–25 | 25 |
| | M–30 | 30 |
| | M–35 | 35 |
| | M–40 | 40 |
| | M–45 | 45 |
| | M–50 | 50 |
| | M–55 | 55 |
| (iii) उच्च सामर्थ्य कंक्रीट (High strength conc.) | M–60 | 60 |
| | M–65 | 65 |
| | M–70 | 70 |
| | M–75 | 75 |
| | M–80 | 80 |

**नोट**—उच्च सामर्थ्य की कंक्रीट के लिये कोड के parameters लागू नहीं होते हैं, इसके लिये परीक्षणों को आधार बनाया जाना चाहिये।

**सारणी 1.3—प्रति घन मीटर कंक्रीट के लिये संघटक (Components of Conc. Mix for per Cubic metre)**

| कंक्रीट अनुपात (सीमेंट : महीन मिलावा : मोटा मिलावा) | जल सीमेंट (w/c) अनुपात | पानी प्रति बोरा पानी की मात्रा (लीटर में) | सीमेंट | | मिलावा (aggregate) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संख्या (बोरो में) | भार (कि॰ग्रा॰) | महीन (ली॰ में) | मोटा (ली॰ में) |
| 1 : 1 : 2 (M – 25) | 0.30 | 15 | 11.2 | 560 | 192 | 784 |
| 1 : $1\frac{1}{2}$ : 3 (M – 20) | 0.42 | 21 | 7.9 | 395 | 414 | 828 |
| 1 : 2 : 4 (M – 15) | 0.55 | 27.5 | 6.2 | 310 | 434 | 868 |
| 1 : 3 : 6 (M – 10) | 0.75 | 37.5 | 4.3 | 215 | 452 | 904 |
| 1 : 4 : 8 (M – 7·5) | 0.95 | 47.5 | 3.3 | 165 | 462 | 924 |

## § 1.5. कंक्रीट का वर्गीकरण (Classification of Concrete) :

कंक्रीट मिक्स को दो श्रेणियों में रखा गया है।

**(i) नामन मिक्स कंक्रीट (Nominal Mix Concrete)**—संरचना में प्रयोग से पूर्व इस कंक्रीट का टैस्ट नहीं किया जाता है। इसकी जाँच साइट पर क्यूब भरकर 28 दिन की सामर्थ्य ज्ञात की जा सकती है। सामर्थ्य की इकाई N/mm$^2$ में ली जाती है। मिक्स का अनुपात टेबिल-4 में दर्शाया गया है। (1000 kg = 1 N)

AKC TECHNICAL CLASSES

**सारणी 1.4—नामन मिक्स कंक्रीट के लिये मिक्स-अनुपातन**

| कंक्रीट का ग्रेड | प्रति 50 kg (एक थैला) सीमेन्ट के लिये सकल मिलावे का आयतन | महीन व मोटे मिलावे का अनुपात (आयतन अनुसार) | प्रति बैग सीमेंट के लिये पानी की मात्रा |
|---|---|---|---|
| M – 5 (1 : 6 : 12) | 800 kg | सामान्य 1 : 2, | 60 लीटर |
| M – 7·5 (1 : 4 : 8) | 625 kg | इसकी उच्चतम | 45 लीटर |
| M – 10 (1 : 3 : 6) | 480 kg | व न्यूनतम सीमायें | 34 लीटर |
| M – 15 (1 : 2 : 4) | 330 kg | $1:1\frac{1}{2}$ व $1:2\frac{1}{2}$ | 32 लीटर |
| M – 20 (1 : 1.5 : 3) | 250 kg | होती हैं। | 30 लीटर |

**नोट**—1. औसत महीन मिलावे के लिये, मोटे मिलावे के 10 mm, 20 mm, व 40 mm माप के लिये, महीन व मोटे मिलावे का अनुपात 1 : 1.5, 1 : 2 व 1 : 2.5 होगा।

2. ग्रेड के नाम में $M, M_{mix}$ को तथा संख्या 15 सेमी घन की 28 दिन पर $N/mm^2$ में विशिष्ट सामर्थ्य दर्शाती है।

**Cement for small jobs:** One 50 kg bag of cement will make approximately:

0.133 cu. m of $1 : 1\frac{1}{2} : 3$ concrete

0.166 cu. m of 1 : 2 : 4 "

6.192 cu. m of $1 : 2\frac{1}{2} : 5$ "

0.250 cu. m of 1 : 3 : 6 "

0.333 cu. m of 1 : 4 : 8 "

0.400 cu. m of 1 : 5 : 10 "

0.500 cu. m of 1 : 6 : 12 "

The equivalent size of a box for 50 kg cement bag is 40 cm × 35 cm × 25 cm internally.

**(ii) डिजाइन मिक्स कंक्रीट (Design Mix Concrete)**—

जब कंक्रीट को संरचना में वास्तविक प्रयोग से पहले सैम्पल तैयार करके प्रयोगशाला में जाँच की जाती है तो इसे डिजाइन मिक्स कंक्रीट कहते हैं। इसमें w/c ratio के निर्धारण के लिये सीमेंट में पानी की मात्रा में भिन्न-2 परिवर्तन करके परीक्षण किये जाते हैं। मोटे व महीन एग्रीगेट (Aggregate) में उपस्थित नमी (Moisture) की गणना को भी ध्यान में रखा जाता है। प्रत्येक सैम्पल की 28 दिन की कंक्रीट सामर्थ्य तथा जल सीमेंट अनुपात (w/c ratio) के बीच वक्र (Curves) खींचे जाते हैं तथा उस वक्र का चयन किया जाता है जो वांछित कंक्रीट सामर्थ्य से 1.65 गुना अधिक सामर्थ्य का हो।

डिजाइन मिक्स कंक्रीट बनाने के लिये सभी घटकों (Components) की मात्रा भार (Weight) में ली जाती है। M–10 से M–50 तक कंक्रीट के ग्रेड के लिये डिजाइन मिक्स किये जा सकते हैं।

AKC TECHNICAL CLASSES

**सारणी 1.5**

| Mix (Nominal) | Cement in Kilograms | | | | Dry Sand (av.) | Aggregate graded (av.) 12 to 25 mm |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Machine Mixing | | Hand Mixing | | | |
| | Gravel/ Shingle | Broken/ Stone | Gravel/ Shingle | Broken Stone | cu. m | cu. m |
| $1:1:2$ | 550 | 580 | 570 | 600 | 0.40 | 0.80 |
| $1:1\frac{1}{2}:3$ | 370 | 390 | 380 | 400 | 0.42 | 0.84 |
| $1:2:3$ | 360 | 380 | 370 | 390 | 0.54 | 0.81 |
| $1:2:4$ | 290 | 310 | 300 | 320 | 0.45 | 0.90 |
| $1:2\frac{1}{2}:5$ | 250 | 270 | 260 | 280 | 0.46 | 0.92 |
| $1:3:6$ | 190 | 210 | 200 | 220 | 0.46 | 0.92 |
| $1:4:8$ | 140 | 160 | 150 | 170 | 0.47 | 0.94 |
| $1:5:10$ | 120 | 130 | 120 | 130 | 0.48 | 0.96 |
| $1:6:12$ | 100 | 110 | 100 | 110 | 0.49 | 0.98 |
| $1:6:18$ | 70 | 80 | 70 | 80 | 0.35 | 1.00 |

**नोट—1.** एक 50 kg सीमेंट बैग (Colour Grey) का आयतन 34.72 लीटर या 35 लीटर (या 0.035 cu. metre) तथा वजन 1440 kg/cu. m. तथा शीघ्र कठोर होने वाला (Rapid Hardening) सीमेंट का वजन 1200 kg/cu. m।

**2.** स्लैबों तथा बीमों में जहाँ केवल तनाव बार (Tensile Bars) प्रयोग किये जाते हैं। सरिया की मात्रा 70 kg/cu. m कंक्रीट और 110 kg जहाँ पर छल्ले (Stirrups), वितरण इस्पात (Transverse Steel), अपरूपण प्रबलन इस्पात (Shear Reinforcement) सम्मिलित है।

**3.** स्लैब तथा बीमों में बाँधने वाला तार (Binding Wire) 14 या 16 गेज (2 mm या 1.6 mm) की मात्रा 2 kg से 4 kg/tonnes of bars लिया जाता है।

**4.** कॉलम में 160 kg प्रबलन इस्पात/cu. m रखते हैं।

**5.** कॉलम बाँधने वाला तार $1\frac{1}{2}$ kg/tonnes of bars लिया जाता है।

**सारणी 1.6—Cement Consumption Norms**

| S.No. 1. | Item of Work 2. | Mix | Consumption of Cement in cu. m 3. | Approximate No. of bags. 4. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | P.C.C. or R.C.C. with cement sand and stone ballast | $1:1^{1/2}:3$ | 0.29 per cu.m. | 8.7 |
| 2. | –do– | 1 : 2 : 4 | 0.225 per cu.m. | 6.7 |
| 3. | –do– | 1 : 3 : 6 | 0.15 per cu.m. | 4.5 |
| 4. | –do– | 1 : 4 : 8 | 0.115 per cu.m. | 3.5 |
| 5. | –do– | 1 : 5 : 10 | 0.095 per cu.m. | 2.8 |
| 6. | –do– | 1 : 6 : 12 | 0.075 per cu.m. | 2.25 |
| 7. | First class B.W. in cement and sand mortar in | 1 : 3 | 0.083 per cu.m. | 2.5 |
| 8. | –do– | 1 : 4 | 0.062 per cu.m. | 1.8 |
| 9. | –do– | 1 : 5 | 0.052 per cu.m. | 1.6 |
| 10. | –do– | 1 : 6 | 0.042 per cu.m. | 1.3 |
| 11. | C.R. stone masonry in cement and coarse sand in | 1 : 3 | 0.095 per cu.m. | 2.9 |

AK TECHNICAL CLASSES

| S.No. 1. | Item of Work 2. | | | Consumption of Cement in cu. m 3. | Approximate No. of bags. 4. |
|---|---|---|---|---|---|
| 12. | –do– | 1 : 4 | 0.08 | per cu.m. | 2.4 |
| 13. | –do– | 1 : 5 | 0.07 | per cu.m. | 2.1 |
| 14. | –do– | 1 : 6 | 0.06 | per cu.m. | 1.8 |
| 15. | R.R. Stone masonry in cement and coarse sand. | 1 : 3 | 0.100 | per cu.m. | 3.0 |
| 16. | –do– | 1 : 4 | 0.085 | per cu.m. | 2.6 |
| 17. | –do– | 1 : 5 | 0.080 | per cu.m. | 2.4 |
| 18. | –do– | 1 : 6 | 0.070 | per cu.m. | 2.1 |
| 19. | Struck pointing with cement and coarse sand. | 1 : 2 | 0.15 | per % sq.m. | 4.5 |
| 20. | 12 mm. thick plastering with cement & sand on brick work. | 1 : 2 | 0.76 | per % sq.m. | 22.8 |
| 21. | –do– | 1 : 3 | 0.50 | per % sq.m. | 15.0 |
| 22. | –do– | 1 : 4 | 0.38 | per % sq.m. | 11.4 |
| 23. | –do– | 1 : 5 | 0.30 | per % sq.m. | 9.0 |
| 24. | 12 mm thick plasterng with cement and sand on brick work. | 1 : 6 | 0.25 | per % sq.m. | 7.5 |
| 25. | –do– with cement, white lime and sand | 1 : 1 : 6 | 0.255 | per % sq.m. | 7.64 |
| 26. | 20 mm thick D.P.C. in cement and coarse sand. | 1 : 2 | 0.90 | per % sq.m. | 27.0 |
| 27. | 25 mm thick plain floor with cement coarse sand and grit in | 1 : 2 : 4 | 0.73 | per % sq.m. | 22.0 |
| 28. | Same as item no. 27 above but 40 mm thick | 1 : 2 : 4 | 1.00 | per % sq.m. | 29.9 |
| 29. | 10 mm thick plastering with cement and sand mortar | 1 : 2 | 0.61 | per % sq.m. | 18.22 |
| 30. | –do– | 1 : 3 | 0.40 | per % sq.m. | 12.12 |
| 31. | –do– | 1 : 4 | 0.30 | per % sq.m. | 9.07 |
| 32. | –do– | 1 : 5 | 0.24 | per % sq.m. | 7.29 |
| 33. | –do– | 1 : 6 | 0.20 | per % sq.m. | 6.10 |
| 34. | R.B. work with cement and coarse sand. | 1 : 3 | 0.12 | per cu.m. | 3.74 |

**Note:** 1. 2% variation on each item allowable as per P.W.D. norms.
2. Volume of 1 bag of cement weighing 50 kg. shall be taken as 0.034 cum.

## § 1.6. Hooks and Bends in the Reinforcements :

**(a) Length of one hook** $= (4d) + [(4d + d)]$

जहाँ पर $(4d + d)$ = वक्र (Curved) की लम्बाई होती है।

**(b) Additional length** $(l_a) = l_1 - l_2$, यह लम्बाई सरिये को θ° यानि 30° से 60° तक मोड़ने पर एक सिरे से दूसरे सिरे तक की अतिरिक्त लम्बाई ली जाती है। साधारणत: θ° = 45° लिया जाता है।

$$\therefore \quad \frac{D}{l_2} = \tan\theta \quad \text{तथा} \quad \frac{D}{l_1} = \sin\theta$$

$$\therefore \quad \text{The additional length} = \frac{D}{\sin\theta} - \frac{D}{\tan\theta}$$

AKC TECHNICAL CLASSES



(a) Standard Hook (b) Bent-up Bar

**चित्र 1.2—Hooks and Bends in Reinforcement**

θ (= 30°, 45° and 60°, respectively), we get different values of $l_a$, as given below:

| S.No. | θ° | $\frac{D}{\sin\theta}$ | $\frac{D}{\tan\theta}$ | Additional Length of Bent-up Bar, $l_a$ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 30° | $\frac{D}{0.5}$ | $\frac{D}{0.5733}$ | **0.27 *D*** |
| 2. | 45° | $\frac{D}{0.707}$ | $\frac{D}{1.0}$ | 0.414 *D* ≈ **0.42 *D*** (0.42 *D* is generally the value that is adopted) |
| 3. | 60° | $\frac{D}{0.866}$ | $\frac{D}{1.732}$ | 0.577 *D* ≈ **0.58 *D*** (0.58 *D* is usually adopted) |




AKC TECHNICAL CLASSES




चित्र 1.3




**चित्र 1.4—Different Types of Hooks**

**नोट— 1.** मृदु स्पात (Mild Steel, MS) की छड़ों (Rods Bars) में स्थिरण (Anchoring) के लिये सिरों पर हुक बनाये जाते हैं (जबकि टोर स्पात छड़ों में हुक नहीं बनाये जाते क्योंकि ये छड़ें उच्च पराभव सामर्थ्य (High Yield Strength Steel) की होती हैं और इनकी अभिलाग सामर्थ्य (Bond strength) 40% अधिक होती है।

**2.** मृदु स्पात (Mild Steel) छड़ों को 45° पर मोड़ने (Bend) के लिये स्थिरण मान (Anchorage) '4*d*' तथा कुल अधिकतम 16 *d* लिया जाता है।

एक मानक हुक तथा मानक 90° मोड़ की आकृति चित्र 1.5 में दिखायी गयी हैं। *K* का मान इस्पात के प्रकार पर निर्भर करता है। जो निम्नवत है। स्थिरण 8*d* लिया जाता है।




चित्र 1.5

AKC TECHNICAL CLASSES

| इस्पात | K का न्यूनतम मान |
|---|---|
| (i) Mild steel | 2 |
| (ii) Tor steel | 4 |




चित्र 1.6

सभी हुक व मोड़ IS: 2502 के अनुरूप होने चाहिये।

3. 135° मोड के लिये 12*d* तथा *U* हुक का स्थिरण मान (Anchorage) 16 *d* लिया जाता है।




चित्र 1.7

AKC TECHNICAL CLASSES

**4.** चढ़ावों (Overlaps) की संख्या कुल छड़ों की संख्या के 50% से अधिक नहीं होना चाहिये। ये चढ़ाव बिखरी (Staggered) स्थिति में होने चाहिये।

**5.** तनाव (Tension) में चढ़ाव (Lap) लम्बाई, स्थिरण (Anchorage) सहित $L_d = \dfrac{d \times \sigma_{st}}{4\tau_{bd}}$ या 30$d$ दोनों में जो भी अधिक हो लेना चाहिये। तथा चढ़ाव की सीधी लम्बाई 200 मि०मी० या 15 $d$ दोनों में जो भी अधिक हो।

**6.** सम्पीड़न छड़ों की चढ़ाव (Lap) लम्बाई $L_d = \dfrac{d \times \sigma_{st}}{5\tau_{bd}}$ या 24$d$ जो भी अधिक हो, ली जानी चाहिये।

**7.** दो भिन्न व्यासों की छड़ों को जोड़ने के लिये, चढ़ाव लम्बाई की गणना के लिये '$d$' का मान कम व्यास की छड़ का लिया जाता है।

**8.** 36 mm या अधिक व्यास की छड़ों को वैल्डिंग (Welding) द्वारा जोड़ा जाता है।




**चित्र 1.8—छड़ों को चढ़ाव जोड़ द्वारा जोड़ना**

## § 1.7. छड़ों को मोड़ने की टेबिल तैयार करने के लिये आवश्यक आँकड़े (Preparation of Bar Bending Schedule) :

किसी भी संरचना के निर्माण के लिये उसकी ड्राइंग के अनुसार इस्पात की अनुमानित (Estimated) मात्रा की गणना करने के लिये तथा निर्माण के पूर्व छड़ों को उनके सही स्थान पर लगाने के लिये **बार वेल्डिंग शेड्यूल बनाने की आवश्यकता होती है** जिसके लिये निम्न तालिका बनायी जानी चाहिये। इस तालिका से प्रयोग होने वाले इस्पात की कुल मात्रा की गणना भी की जा सकती है।

AKC TECHNICAL CLASSES

## सारणी 1.7

| S. No. | Type of bar | Details of Bar/Shape of Bending | Diameter of bar Round (ϕ)/Tor ($\bar{\phi}$) | Length of each bend of One Bar | | | | | No. of bars | Total length (m) | wt./m | Total wt. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Hook | Angle of bend | | | Total (n) | | | | |
| | | | | | 90° (L) | 45° | Straight portion | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1. | Main bar | | | | | | | | | | | |
| 2. | Distribution bar | | | | | | | | | | | |
| 3. | Overlaps length | | | | | | | | | | | |
| | (a) Main | | | | | | | | | | | |
| | (b) Distribution | | | | | | | | | | | |
| 4. | Stirrups | | | | | | | | | | | |
| 5. | Rings | | | | | | | | | | | |
| 6. | Chair | | | | | | | | | | | |
| 7. | ........ (if any) | | | | | | | | | | | |

## सारणी 1.8—Typical Bar Bending Schedule

| S.No. | Details of Bar Shape/Shape of Bending | Length of Hooks | Total Length of Bar |
|---|---|---|---|
| 1. |   | $2[9d] = 18\ d$ (both hooks together) | $[l + 18\ d]$ |
| 2. |   | $2(9d) = 18\ d$ (both hooks together) | $[l + 18\ d + 0.42\ D]$ |
| 3. |   | $2[9d] = 18\ d$ (as for above cases) | $[l + 18\ d + 2 \times 0.42\ D]$ |
| 4. |   | $2[9d] = 18d$ | Overlap length at joint $= [(40\ d \text{ to } 45\ d) + 18\ d]$ |
| 5. |   | [Here, one hooks length = $14d$] $2 \times (14d) = 28\ d$ | $[l_1 + 2l_2 + 28\ d]$ |

AKC TECHNICAL CLASSES

| S.No. | Details of Bar Shape/Shap of Bending | Length of Hooks | Total Length of Bar |
|---|---|---|---|
| 6. |   | $2(12d) = 24\ d$ | $[2(l_1 + l_2) + 24\ d]$ |
| 7. |   | $200 + 200 + 300 + 2l$ | $700 + 2l$ |
| 8. | Any other shape. | | |

**सारणी 1.9—गोल छड़ों का विवरण (Round Bars) इस्पात का घनत्व-7850 किग्रा/मी³**

| व्यास (mm) | क्षेत्रफल ($mm^2$) | परिधि (mm) | प्रति मी० लम्बाई का भार (kg) |
|---|---|---|---|
| 5 | 20 | 15·7 | 0·15 |
| 6 | 28 | 18·9 | 0·22 |
| 8 | 50 | 25·1 | 0·39 |
| 10 | 79 | 31·4 | 0·62 |
| 12 | 113 | 37·7 | 0·89 |
| 14 | 154 | 44·0 | 1·21 |
| 16 | 201 | 50·3 | 1·58 |
| 18 | 255 | 56·5 | 2·00 |
| 20 | 314 | 62·8 | 2·47 |
| 22 | 380 | 69.1 | 2·98 |
| 24 | 453 | 75·4 | 3·55 |
| 25 | 491 | 78·5 | 3·85 |
| 28 | 616 | 88·0 | 4·83 |
| 32 | 805 | 100·5 | 6·31 |
| 36 | 1018 | 113·1 | 7·99 |
| 40 | 1257 | 125·7 | 9·86 |
| 50 | 1964 | 157·1 | 15·41 |

**सारणी 1.10—गोल छड़ों के समूह का काट-क्षेत्रफल ($mm^2$ में)**

| छड़ों की संख्या | छड़ का व्यास (mm में) | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 8 | 10 | 12 | 14 | 16 | 18 | 20 | 22 | 24 | 25 |
| 1 | 28 | 50 | 79 | 113 | 154 | 201 | 254 | 314 | 380 | 452 | 491 |
| 2 | 56 | 100 | 157 | 226 | 308 | 402 | 509 | 628 | 760 | 905 | 982 |
| 3 | 84 | 151 | 236 | 339 | 462 | 603 | 763 | 942 | 1140 | 1357 | 1473 |
| 4 | 113 | 201 | 314 | 452 | 616 | 804 | 1018 | 1257 | 1521 | 1810 | 1963 |
| 5 | 141 | 251 | 393 | 565 | 770 | 1005 | 1270 | 1571 | 1901 | 2262 | 2524 |
| 6 | 169 | 301 | 471 | 678 | 924 | 1206 | 1526 | 1884 | 2281 | 2714 | 2945 |
| 8 | 226 | 402 | 628 | 905 | 1232 | 1608 | 2036 | 2514 | 3041 | 3619 | 3927 |
| 10 | 282 | 503 | 785 | 1131 | 1539 | 2011 | 2545 | 3142 | 3801 | 4524 | 4909 |

AKC TECHNICAL CLASSES

## § 1.8. प्रबलित सीमेंट कंक्रीट खण्ड़ों के अभिकल्पन (Design of R.C.C. Members/Components):

धरन (Beam), टी धरन (T-Beam), लिन्टल (Lintel), स्लैब (Slab) तथा स्तम्भ (Column) के डिजाइन, कोड़ IS 456-2000 के अनुसार निम्न प्रकार ड्राइंगों के सहित दिये गये हैं। इस कोड़ के अनुसार S.I. प्रणाली को ही अपनाया गया है।

**धरन (Beam)**—बीम संरचना का एक क्षैतिज घटक होता है जो अनुप्रस्थ भार को ले जाता है। बीम सेक्शन में आयताकार होती है। बीम पर फ्लोर (Floor) स्लैब या रुफ (Roof) स्लैब टीकी होती है। बीम सभी भारों को (स्वयं के भार सहित) स्तम्भों या दीवारों पर स्थानान्तरित करती है।




**चित्र 1.9—Beam Profile**

**RCC Beams—X-Sections**




**चित्र 1.10**

AKC TECHNICAL CLASSES




चित्र 1.11—Simply Supported Beam




चित्र 1.12—Fixed Beam

**Types of Loading on Beams**




(i) Concentrated Load




(ii) U.D.L.




(iii) Uniformly Varying Load




(iv) Arbitrary Loading

चित्र 1.13

AKC TECHNICAL CLASSES

## § 1.9. Stirrups for Shear and Torsion :

बीम की अपरूपण (Shear) व ऐंठन (Torsion) के लिये छल्ले (Stirrups) निम्न आकार में डिजाइन किये जाने चाहिये।




(a) No confining concrete either side—thus 135° hooks needed for both ends of top bar.




(b) Lateral confinement provided by slab on right-hand side thus 90° hook permissible for top bar on that side.




(c) Lateral confinement provided on both sides by concrete slab—thus 90° hooks permissible at both ends of top bar.

**चित्र 1.14**

## § 1.10. प्रबलित कंक्रोट-धरनों की अभिकल्पन विधि (Design Procedure of R.C.C. Beams):

Singly R.C.C. Beam का डिजाइन निम्न स्टैपस (Steps) के द्वारा किया जाता है।

**1.** प्रभावी पाट (Effective Span)

**2.** भार (Loads)

**प्रभावी पाट (Effective Span)**—(a) बीम व स्लैब के लिये निम्न में कम से कम लिया जाता है—

(i) Clear span + effective depth

$$l = L + d$$

(ii) Clear span + width

$$l = L + b$$

(b) कैन्टीलीवर बीम तथा स्लैब के लिये—

Effective span = length of over hanging + effective depth

(c) सतत धरन (Continuous Beam) तथा स्लैब के लिये—

(i) यदि Width, $\frac{\text{Clear Span}}{12}$ के बराबर या उससे कम है तो Effective Span उपरोक्त (a) के अनुसार लिया जायेगा।

(ii) यदि Width, $\frac{\text{Clear Span}}{12}$ or 600 mm में जो भी कम हो से अधिक है तब (i) एक सिरा फिक्सड (Fixed) तथा दूसरा सतत् (Continuous) है।

Effective Span = Clear Span

AKC TECHNICAL CLASSES

(iii) यदि एक सिरा शुद्धालम्बित है तथा दूसरा सतत्

$$\text{Effective Span} = \text{Clear Span} + \frac{\text{Effective depth}}{2}$$

$$\text{or Clear span} + \frac{\text{width of last fulcrum}}{2}$$

**दोनों में जो भी कम हो।**

(iv) यदि रोकर या रोलर बियरिंग हो तो—

Effective Span = Distance between the Centre of Bearings

**इस्पात छड़ों की परिमाप (Size of Reinforcement Bars)**—

(i) मुख्य प्रबलन (Main Bar) के 12 mm व इससे अधिक व्यास की छड़ें प्रयोग की जाती हैं।

(ii) 6 mm से 12 mm व्यास की छड़ें सामान्यत: वितरक (Distribution), उद्ग छल्लों (Vertical Stirrups) तथा बन्धक (Anchor) छड़ों के रूप में प्रयोग की जाती है।

(iii) छड़ों के जाल बनाने व बाँधने के लिये 16 गेज का बंधक तार (Bending Wire) प्रयोग किया जाता है।

**बीम में प्रबलन इस्पात (Reinforcement in Beams)**—

**(a) तनन प्रबलन (Tensile Reinforcement)**—

(i) **न्यूनतम**—IS 426-2000 के अनुसार न्यूनतम क्षेत्रफल,

$$A_0 = \frac{0.85\, bd}{f_y}$$

$A_0$ = Area of tensile reinforcement in $mm^2$

$f_y$ = Strength of reinforcement $N/mm^2$ में

$b, d$ = Width and effective depth of beam

(ii) **अधिकतम**— $A_0 = 0.04\, bD$

$D$ = Total depth of section

(b) **अधिकतम सम्पीडन प्रबलन (Compression Reinforcement)**—यह भी 0.04 $bD$ से अधिक नहीं होना चाहिये। तथा 0.2% न्यूनतम नीचे की झुकाव के लिये रखा जाता है।

**नोट**—उदग्र छल्लें (Vertical Stirrups) न्यूनतम 8 mm $\phi$ में साइड़ के भार प्रतिरोध के लिये प्रयोग करने चाहिये तथा हुक (Hooks) को 135° पर मोडना चाहिये।

**शुद्ध आवरण (Clear Cover)**

(i) बीम की तली में 25 mm या मुख्य छड़ (Main Bar) का व्यास जो भी अधिक हो।

(ii) स्लैब के लिये शुद्ध आवरण 15 mm या मुख्य छड़ का व्यास जो भी अधिक हो।

(iii) 200 mm व्यास के स्तम्भ जिनमें 12 mm व्यास तक की छड़ें प्रयोग की जाती हैं उनमें शुद्ध आवरण 25 mm रखा जाता है तथा अन्यथा मामलों में 40 mm रखा जाता है।

(iv) प्रतिधारक दीवारों (Retaining Walls) व कंक्रीट के ऐसे घटक (Component) जो मिट्टी, समुद्री जल के सम्पर्क में रहते हैं वहाँ आवरण 15 mm से 50 mm तक अधिक लिया जा सकता है। आवरण की अधिकतम मोटाई 75 mm होनी चाहिये।

**छड़ो का अन्तराल (Spacing)**—IS 456-2000 के अनुसार अन्तराल निम्न प्रकार होना चाहिये।

**1. बीम के लिये**—

(a) **क्षैतिज (Horizontal)**—अन्तराल दो समानान्तर मुख्य छड़ों के बीच क्षैतिज दूरी निम्न में जो भी अधिक हो, से कम नहीं होनी चाहिये।

AKC TECHNICAL CLASSES

(i) समान व्यास की छड़ों के लिये छड़ के व्यास के बराबर।
(ii) छोटे-बड़े व्यास की छड़ों की स्थिति में बड़े व्यास की छड़ के बराबर।
(iii) मोटे मिलावे (Coarse Aggregate) की अधिकतम माप से 5 mm अधिक रखते हैं।

**(b) ऊर्ध्वाधर/उदग्र दूरी (Vertical Distance)**—निम्न में से अधिकतम से कम नहीं होनी चाहिये।
(i) 15 mm (ii) बड़ी छड़ के व्यास के बराबर
(iii) $\frac{2}{3}\times$ मोटे मिलावे की अधिकतम माप।

**2. स्लैब के लिये–**

**(a) मुख्य छड़ों**—छड़ों के बीच का अन्तराल, निम्न में से जो भी कम हो से अधिक नहीं होना चाहिये।
(i) $3d$ यानि $3\times$ स्लैब की मोटाई
(ii) 300 mm

**(b) वितरण छड़ों**—छड़ों के बीच का अन्तराल निम्न में से जो भी कम हो से अधिक नहीं होना चाहिये।
(i) $5d$ यानि $5\times$ स्लैब की मोटाई
(ii) 450 mm

**2. भार (Loads)—**

**(A) बीम का स्वयं भार (Dead Load)**—बीम के स्वयं के भार की गणना के लिये बीम सेक्शन को निम्न आधार पर मानते हुये भार की गणना की जा सकती है।

**(a) बीम की गहराई (Depth of Beam)—**

(i) हल्के भार के लिये $\frac{\text{पाट}}{15}$ से $\frac{\text{पाट}}{20}$

(ii) मध्यम भार के लिये $\frac{\text{पाट}}{10}$ से $\frac{\text{पाट}}{20}$

(iii) भारी भार के लिये $\frac{\text{पाट}}{5}$ से $\frac{\text{पाट}}{10}$

**(b) बीम की चौड़ाई (Width of Beam)**—गहराई का $\frac{1}{3}$ से $\frac{2}{3}$ अतः गहराई व चौड़ाई ज्ञात होने पर बीम का भार/$m$ लम्बाई की गणना की जा सकती है।

**(B) बीम पर चल भार (Live Load)**—विभिन्न श्रेणी के भवनों पर चल भार के मान IS : 875 के अनुसार लिये जायें। आवासीय भवन, फ्लैट, अस्पताल के वार्ड, होस्टलस (Hostels) के लिये न्यूनतम 200 kg/m$^2$ लिया जाता है। लेकिन न्यूनतम कुल चल भार स्लैब के लिये प्रति पैनल 2.5 गुने तथा बीम के लिये 6 गुने से कम नहीं लिया जायेगा।

**(C) बीम पर सम्पूर्ण भार/मी० लम्बाई**

कुल भार = बीम का स्वयं का भार (Dead Load) + चल भार (Live Load)

**3. अधिकतम नमन आघूर्ण (Maximum B.M.)**

$$\text{U.D.L. के लिये B.M.} = \frac{wl^2}{8}\ \text{kg-m}$$

$$= \frac{wl^2}{8}\times 10^4\ \text{N-mm} \qquad [10\ \text{N} = \text{kg}]$$

$w$ = U.D.L. kg/m

$l$ = Effective span (m)

**4. (i) उदासीन अक्ष (Neutral Axis)**

$m = 13$

$\sigma_{cbc} = 7\ \text{N/mm}^2$

$\sigma_{st} = 140\ \text{N/mm}^2$

$$x = \frac{m \cdot \sigma_{cbc} \times d}{m \cdot \sigma_{cbc} + \sigma_{st}}$$

$$x = 0.394\ d$$

**(ii) उत्तोलक भुजा (Lever Arm)** $z = 0.869\ d$ $\left[z = 1 - \frac{x}{3}\right]$

**(iii) प्रतिरोधी आघूर्ण (Moment of Resistance)**

$$Mr = 1.2\ bd^2$$

विभिन्न ग्रेड की कंक्रीट के लिये प्रमुख गुणाकों के मान सारणी 1.11 में दिये गये हैं।

**5. प्रभावी गहराई (Effective Depth)**

$$d = \sqrt{\frac{M_r}{1.2 b}}$$

**6. प्रबलन इस्पात (Reinforcement Steel)**

$$\text{Area of tensile steel} = A_{st} = \frac{M_r}{\sigma_{st} \times z}$$

**7. जाँच (Checks)**—**(a)** न्यूनतम तनन इस्पात के लिये जाँच—

$$A_{st} \not< A_0$$

$$A_0 = \frac{0.85 bd}{f_y}$$

**(b) कर्तन प्रबलन जाँच (Shear Reinforcement)**

(i) अधिकतम कर्तन बल $V = \frac{w \times L}{2}$ ($L$ = clear span)

(ii) नॉमिनल कर्तन बल $T_v = \frac{V}{bd}$

(iii) खण्ड में तनन इस्पात का प्रतिशत, $p_s = \frac{100 \times A_{st}}{bd}$

कंक्रीट के ग्रेड व इस्पात प्रतिशत के आधार पर सम्बन्धित टेबिल में दिये गये मानों से कर्तन सामर्थ्य तथा अधिकतम अनुमत (Permissible) कर्तन प्रतिबल की गणना करना चाहिये।

**सारणी 1.11—विभिन्न ग्रेड की कंक्रीट के लिये प्रमुख गुणांकों के मान**

| कंक्रीट का ग्रेड | कंक्रीट की सामर्थ्य N/mm$^2$ | अनुमत प्रतिबल $\sigma_{cbc}$ N/mm$^2$ | मापांक अनुपात $m = \frac{280}{3\sigma_{cbc}}$ | उदासीन अक्ष गुणांक $x_1 = \frac{m\sigma_{cbc}}{m\sigma_{cbc} + \sigma_{st}}$ | उत्तोलक भुजा गुणांक $z = 1 - \frac{x}{3}$ | प्रतिरोध आघूर्ण गुणांक $Q = \frac{1}{2}\sigma_{cbc}x$ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| M 10 | 10 | 3 | 31 | 0.399 | 0.867 | 0.52 |
| M 15 | 15 | 5 | 18 | 0.391 | 0.870 | 0.85 |
| M 20 | 20 | 7 | 13 | 0.394 | 0.869 | 1.20 |
| M 25 | 25 | 8.5 | 11 | 0.400 | 0.867 | 1.47 |
| M 30 | 30 | 10 | 9 | 0.391 | 0.870 | 1.70 |
| M 35 | 35 | 11.5 | 8 | 0.397 | 0.868 | 1.98 |
| M 40 | 40 | 13 | 7 | 0.394 | 0.869 | 2.23 |

AKC TECHNICAL CLASSES

**सारणी 1.12—कर्तन, बंकन व विक्षेप गुणांक**

| Max S.F. | Max B.M. | Max Deflection | Loading |
|---|---|---|---|
| (i) $W$ | $Wl$ | $\frac{Wl^3}{3EI}$ |  |
| (ii) $wl$ | $\frac{wl^2}{2}$ | $\frac{Wl^3}{8EI}$ |  |
| (iii) $\frac{W}{2}$ | $\frac{Wl}{4}$ | $\frac{Wl^3}{48EI}$ |  |
| (iv) $\frac{wl}{2}$ | $\frac{wl^2}{8}$ | $\frac{5Wl^3}{384EI}$ |  |
| (v) $\frac{W}{2}$ | $\frac{Wl}{8}$ | $\frac{Wl^3}{192EI}$ |  |
| (vi) $\frac{wl}{2}$ | $\frac{wl^2}{12}$ | $\frac{WL^3}{384EI}$ |  |
| (vii) $\frac{W}{2}$ | $\frac{Wl}{6}$ | $\frac{Wl^3}{60EI}$ |  |
| (viii) $\frac{W}{2}$ | $\frac{5Wl}{48}$ | $\frac{1.4Wl^3}{384EI}$ |  |

जहाँ $w$ = धरन की प्रति मीटर लम्बाई में भार

$W$ = धरन की सम्पूर्ण लम्बाई में कुल भार, $l$ = पाट

**क्षेत्रफल (Areas)**

**(a) त्रिभुज (Triangle)—**

(i) समकोण $= \frac{1}{2} \times$ आधार $\times$ शीर्ष लम्ब

(ii) समबाहु $= 0.433 \times$ (भुजा)$^2$

(iii) अन्य $= \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$

जहाँ $s = \frac{a+b+c}{2}$, $a, b, c$ त्रिभुज की भुजायें हैं।

**(b) वृत्त (Circle)—**

(i) परिधि $= \pi D = 2\pi R$

(ii) क्षेत्रफल $= \frac{\pi D^2}{4} = \pi R^2 = 0.7854\, D^2$

यहाँ $D$ = व्यास, $R$ = त्रिज्या, $\pi = 3.1416$

AKC TECHNICAL CLASSES

**(c) परवलय (Parabola)—**

$$\text{क्षेत्रफल} = \text{आधार} \times \left(\frac{2}{3}\,\text{ऊँचाई}\right)$$

**द्विघातीय समीकरण (Quadratic Equation)**

$$ax^2 + bx + c = 0 \quad \therefore \quad x = \frac{-b \pm \sqrt{b^2 - 4ac}}{2a}$$

**उदाहरण 1.1:** 6 n. के शुद्ध पाट (Clear Span) के लिये आयताकार एकल प्रबलित कंक्रीट बीम (Simply Supported) का डिजाइन तथा ड्राइंग कीजिये। बीम पर 15,000 N/m चल भार आ रहा है। आलम्ब (Support) की चौड़ाई 400 mm है और $\sigma_{cbc} = 7\ \text{N/mm}^2$, $\sigma_{st} = 140\ \text{N/mm}^2$, $m = 13$, तथा R.C.C. का घनत्व 25,000 N/m³

**हल : (i) प्रभावी पाट (Effective Span)—**

$$= 6\ \text{m} + 400\ \text{mm}$$
$$= 6.4\ \text{m}$$

**(ii) बीम सेक्शन की माप—**

$$\text{गहराई (Depth)} = \frac{\text{पाट}}{10} = \frac{6.4}{10} = 0.64\ \text{m}$$

तथा $\frac{6.4}{11} = 0.581\ \text{m}$ लगभग 0.58 m

अत: $d = 580$ mm मान लिया गया है।

$$\text{चौड़ाई (Width)} = \text{गहराई} \times \left(\frac{1}{3}\ \text{से}\ \frac{2}{3}\right)$$ अत: चौड़ाई = गहराई × $\frac{1}{2}$ लेने पर

$$b = \frac{580}{2} = 290 \text{ लगभग } 280\ \text{mm}$$

अत: सेक्शन की माप = $b \times d = 280 \times 580$ mm

**(iii) बीम पर भार/*m*—**

(a) चल भार = 15000 N

(b) स्वयं का भार = $0.58 \times 0.28 \times 2500$

$$= 4060\ \text{N}$$

कुल भार = 15000 + 4060 = 19060 N या लगभग 19,000 N = 1900 kg/m

**(iv) अधिकतम B.M.—**

$$M = \frac{wl^2}{8} = \frac{1900 \times (6.4)^2}{8}$$
$$= 9728\ \text{kg-m}$$
$$= 9728 \times 10^4\ \text{N-mm}$$

**(v) उदासीन अक्ष (Neutral Axis)**

$$x = \frac{m \cdot \sigma_{cbc} \times d}{m\,\sigma_{cbc} + \sigma_{st}}$$
$$= 0.394\,d$$

**(vi) प्रतिरोधी आघूर्ण (Moment of Resistance)—**

$$M_r = b \cdot x \cdot \frac{\sigma_{cbc}}{2}\left(d - \frac{x}{3}\right)$$

AKC TECHNICAL CLASSES

$$= b \times \frac{0.394\,d}{2} \times 7\left(d - \frac{0.394\,d}{3}\right)$$

$$= 1.2\ bd^2$$

दोनों B.M. बराबर होने चाहिये

$$\therefore \quad 1.2\ bd^2 = 9728 \times 10^4$$

$$1.2 \times 280\ d^2 = 9728 \times 10^4$$

$$d = \sqrt{\frac{9728 \times 10^4}{1.2 \times 280}}$$

$$= 538 \text{ mm}$$

यदि इसमें तली का प्रभावी आवरण जोड़ दिया जाये तो बीम की कुल गहराई = 538 mm + 40 mm

= 578 mm

गहराई लगभग = 580 mm

अत: यह गहराई मानी गयी गहराई के बराबर है।

अब प्रभावी गहराई = 580 – 40

= 540 mm

**(vii)** तनन प्रबलन का क्षे०फ० (Area of Tensile Reinforcement)

$$A_{st} = \frac{M_r}{\sigma_{st} \times z} = \frac{9728 \times 10^4}{140 \times 0869 \times 540}$$

$$= 1480 \text{ mm}^2$$

$$20 \text{ mm } \phi \text{ छड़ों की संख्या} = \frac{A_{st}}{a_{st}} = \frac{1480}{314} = 4.71 \text{ यानि 5 छड़ें}$$

यदि इनके बीच में 20 mm अन्तराल रखे और दोनों का कवर 25 mm छोड़ें तो छड़ों को एक पंक्ति में डालने के लिये बीम की आवश्यक न्यूनतम चौड़ाई = 2 × 25 + 5 × 20 + 4 × 20

= 230 mm

अत: बीम की 280 mm चौड़ाई में 5 छड़ें एक लाइन में डाली जा सकती हैं।




चित्र 1.15

**उदाहरण 1.2 :** 5 mm के प्रभावी पाट (Effective Span) के लिये आयताकार एकल आर०सी०सी० बीम (Simply Supported) का डिजाइन तथा ड्राईंग कीजिये। जिस पर स्वयं के भार के साथ 15,000 N/m चल भार आर रहा है। आलम्ब की चौड़ाई (Support) 400 mm है। और $\sigma_{cbc} = 5 \text{ N/mm}^2$, $\sigma_{st} = 120 \text{ N/mm}^2$ तथा $m = 15$ दिया गया है।

**हल :** दिया है—

(i) Effective span = 5.0 m
(ii) Load = 15,000 N/m
(iii) $\sigma_{st} = 120 \text{ N/mm}^2, \sigma_{cbc} = 5 \text{ N/mm}^2$
(iv) $m = 15$

(a) **अधिकतम B.M.** $= \dfrac{wl^2}{8} = \dfrac{1500 \times 5^2}{8} = 4687.5$ kg-m

(b) **बीम का सेक्शन,** गहराई $= \dfrac{l}{10} = \dfrac{5}{10} = 0.5 \text{ m} = 500 \text{ mm}$

अत: $d = 500$ mm मान लिया गया

$$\text{चौड़ाई, } b = \frac{500 \times 2}{3} = \text{लगभग } 333 \text{ mm}$$

अत: $b = 300$ mm मान लिया गया

अत: सेक्शन की माप 300 × 500 mm.

(c) **उदासीन अक्ष** (N.A.)—सेक्शन को सन्तुलित मानते हुये

$$\frac{\sigma_{cbc}}{\sigma_{st}} = \frac{x}{(d-x)\,m} \text{ या } \frac{5}{120} = \frac{x}{\left(d - \frac{x}{15}\right)}$$

$x = 0.3846\,d$ तथा lever arm $z = 1 - 0.3846\,d = 0.6154\,d$

(d) $\text{MR} = b \times x \times \dfrac{\sigma_{cbc}}{2}\left(d - \dfrac{x}{3}\right) = 0.3 \times 0.3846\,d \times \dfrac{50}{2}\,(d - 0.3846d) = \dfrac{1275}{507}d^2$ kg-m

B.M. तथा $MR$ को समान करते हुये

$$4687.5 = \frac{1275}{507}d^2$$

$$d^2 = 1863.97$$

$d$ (effective) = 43.17 cm Say 43 cm

Add 2.5 cm effective cover = 2.5 cm

Total depth = 43 + 2.5 = 45.5 cm Say 46 cm

(e) **तनन प्रबलन का क्षे०फ० (Area of Tensile Reinforcement)—**

$$A_{st} \times \sigma_{st}\left(d - \frac{x}{3}\right) = \text{B.M.}$$

$$A_{st} = \frac{BM}{\sigma_{st}\left(d - \frac{x}{3}\right)} = \frac{4687.5}{120\left(43 - \frac{0.3846 \times 43}{3}\right)}$$

$= 14.64 \text{ cm}^2$ यानि $15 \text{ cm}^2$

AKC TECHNICAL CLASSES




चित्र 1.16—R.C.C. Beam

AKC TECHNICAL CLASSES

22 $\phi$ की 4 Nos. घड़ों का प्रयोग करें।

$\therefore$ इस्पात का कुल क्षेत्रफल = 15.21 $cm^2$ होगा।

इन चार छड़ों में 2 छड़ें एक $\frac{l}{4}$ पर तथा दूसरी $\frac{l}{7}$ पर 45° पर मोड़ें।

**उदाहरण 1.3 :** एक आयताकार सिम्पली सपोर्टिड (Simply Supported) आर०सी०सी० बीम के L-section, X-section और बार बैन्डींग शैडयूल (Bar Bending Schedule) निम्न आंकड़ों के साथ खीचें।

(i) शुद्ध पाट (Clear Span) = 3.5 m

(ii) बीम की चौड़ाई (Width of Beam) = 220 mm

(iii) बीम की सम्पूर्ण गहराई (Over all Depth of Beam) = 300 mm

(iv) आलम्ब की चौड़ाई (Bearing Width in Support) = 200 mm

(v) मुख्य प्रबलन (Main Reinforcement) = 5 Nos 12 mm $\phi$ with 2 bars bent up at $\frac{L}{7}$ from centre of support

(vi) स्थिरण/लटकन छड़ें (Achor/hanger bars) छड़ें = 2 Nos – 10 mm $\phi$

(vii) उदग्र छल्ले (Stirrups) bars = 6 mm $\phi$ @ 220 mm c/c.

(viii) पदार्थ (Materials) = Mild Steel, $M_{20\ grade}$ conc.

**हल : (i) Longitudinal and Cross-section:**




**चित्र 1.17**

AKC TECHNICAL CLASSES

**(ii) Bar Bending Schedule:**

(a) Bottom straight bar (12 dia) = Total length of beam + Hooks length – 2 × end cover

$= (3500 + 2 \times 200) + 26 \times 12 - 2 \times 25 = 4162 \approx 4200$ mm

(b) Length of bent up bar (12 dia) = Length of straight bar + 2 × (0.42 × depth bend)

$= 4162 + 2 \times 0.42 \times 250 = 4372 \approx 4400$ mm

(c) Length of hanger bar (10 dia) = Length of straight bar = 4162 ≈ 4200 mm

(d) Stirrups:

Number of stirrups = Length of bar (end to end)/c/c distance of stirrup

$= [(3500 + 2 \times 200) - 2 \times 25]/200 = 17$

Length of stirrup $= 2(A + B) + 24\,\phi$ of stirrup

$= 2 \times (250 + 170) + 24 \times 6 = 984$ mm $\approx 1000$ mm

Bar bending schedule is given below:

### सारणी 1.13—Bar Bending Schedule (Example I)

| S. No. | Type of Bar | Shape | I No. | II Length | III Weight kg/m | IV Total Weight kg |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Tensile straight bars 12 mm ϕ |  | 3 | 4.2 m | 0.89 | 11.22 |
| 2. | Crank or Bent up bar ϕ 12 | | 2 | 4.4 m | 0.89 | 7.84 |
| 3. | Hanger bars ϕ 10 | | 2 | 4.20 m | 0.62 | 5.21 |
| 4. | Stirrups ϕ 6 | | 17 | 1.0 m | 0.22 | 3.74 |
| | | | | | Total | = 28.01 say 30 kg |

**उदाहरण 1.4 :** एक आयताकार सिम्पली सपोर्टिड (Simply Supported) आर०सी०सी० बीम (Beam) के L-Section, X-section तथा बार बैन्डिग शैडयूल (Bar Bending Schedule) निम्न आंकड़ों के आधार पर खींचें।

1. शुद्ध पाट (Clear Space) = 4.5 m
2. बीम की चौड़ाई (Width of Beam) = 250 mm
3. बीम की कुल गहराई (Overall Depth of Beam) = 300 mm
4. मुख्य प्रबलन (Main Reinforcement) = 5 Nos – 18 mm $\bar{\phi}$ bars with 2 bars bent up at 900 mm from inside of each end support.
5. स्थिरण/लटकन छड़ें (Anchor/Hanger Bars) = 2 Nos. 12 mm $\bar{\phi}$
6. उदग्र छल्ले (Stirrups) = 6 mm $\bar{\phi}$ @ 200 mm c/c
7. कंक्रीट आवरण (Conc. Cover) = 25 mm.
8. पदार्थ (Materials) = HYSD bars, $M_{20}$ grade conc.

**हल : (i) Longitudinal and Cross-Section:**




चित्र 1.18

AKC TECHNICAL CLASSES

**(ii) Bar Bending Schedule:**

(a) Bottom straight bar (18 dia) = Total length of beam – 2 × end cover
$= (4500 + 2 \times 200) - 2 \times 25 = 4850$ mm

(b) Length of bent up bar (18 dia) = Length of straight bar + 2 × (0.42 × depth of bend)
$= 4850 + 2 \times 0.42 \times 250 = 5050$ mm

(c) Length of hanger bar (12 dia) = Length of straight bar = 4850 mm

(d) Stirrups:

Number of stirrups = Length of bar (end to end)/c/c distance of stirrup
$= [(4500 + 2 \times 200) - 2 \times 25]/200 = 24.25 \approx 25$

Length of stirrup = $2(A + B) + 24\,\phi$ of stirrup
$= 2 \times (250 + 200) + 24 \times 6 = 1044 \text{ mm} \approx 1100$ mm

Bar bending schedule is given below:

**सारणी 1.14—Bar Bending Schedule (Example I)**

| S. No. | Type of Bar | Shape | Nos. I | Length II | Weight kg/m III | Weight kg I × II × III |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Main tensile straight bar $\phi$ 18 | 4.85m | 3 | 4.85 m | 2.0 | 29.1 |
| 2. | Bent up bars | 250; 4.85 + 0.42 | 2 | 5.05 m | 2.0 | 20.2 |
| 3. | Anchor bars $\phi$ 12 | | 2 | 4.85 | 0.89 | 8.7 |
| 4. | Stirrups $\phi$ 6 | 250; 200 | 25 | 1.10 m | 0.22 | 6.1 |

Total 64.1 kg, say 65 kg

**Typical Cases:**

**(a) Simply Supported Beam**




**चित्र 1.19—Simple Beam L-section and Cross-section (No bar bent up)**

AKC TECHNICAL CLASSES

**(b) Single Reinforced Beam**




**चित्र 1.20—Single Reinforced Beam**

AKC TECHNICAL CLASSES

(c) Double Reinforced Beam




चित्र 1.21—Double Reinforced Beam

**(d) Simply Supported Beams (without Hook)**

(i)




(a)

(ii)




(b)

चित्र 1.22—L-section of Beam

AKC TECHNICAL CLASSES

(iii)




चित्र 1.23

AKC TECHNICAL CLASSES

## § 1.11. Types of Stirrups :

### A. Open stirrups for beams with negligible torsion




### B. Closed stirrups for beams with significant torsion




चित्र 1.24—Types of Stirrups

AKC TECHNICAL CLASSES

## आयताकार आर०सी०सी० सतत् बीम (CONTINUOUS RECTANGULAR R.C.C. BEAMS)

**उदाहरण 1.5 :**

1. निम्न आकड़ों के साथ आर०सी०सी० सतत् बीम का L-section, तथा आलम्ब व मध्य के पास दो क्रास सेक्शनस खीचें।
   - (a) शुद्ध पाट (Clear Span) = 3 m (each)
   - (b) बीम की चौड़ाई (Width of Beam) = 200 mm
   - (c) बीम की कुल गहराई (Overall depth of beam) = 300 mm
   - (d) मध्य आलम्बों (Intermediate supports) की चौड़ाई = 200 mm
   - (e) मुख्य प्रबलन (Main reinforcement) = 4 Nos. 12 mm ϕ bars with 2 bars bent up
   - (f) स्थिरण/लटकन (Anchor/hanger) = 2 Nos. 10 mm ϕ bars
   - (g) उदग्र छल्ले (Vertical stirrups) = 6 mm ϕ @ 300 mm c/c
   - (h) पदार्थ (Materials) = HYSD (High Yield Strength Deformed Bars) or Tor bar & $M_{20}$ grade conc.

**Note:** 1. अब T.M.T. (Thermo Mechanical Treated) Fe 415 टोर छड़ें बाजार में उपलब्ध है।

2. HYSD छड़ों के साथ $M_{20}$ या इससे उच्च ग्रेड की कंक्रीट प्रयोग की जाती है।

**हल**—चित्र 1.25 देखें।




चित्र 1.25

AKC TECHNICAL CLASSES

## अभ्यास

**उदाहरण 1.6 :** एक आयताकार सिम्पली सपोर्टिड (Simply Supported) बीम साइज 300 mm × 500 mm के L-sec व दो X-sec (एक मध्य में, दूसरा आलम्ब के पास) निम्न आकड़ों के साथ खीचें।

1. शुद्ध पाट (Clear Span) = 5 m
2. दीवार की चौड़ाई (Width of Wall) = 0.30 m
3. मुख्य प्रबलन (Main Reinforcement) = 4 Nos. 16 mm $\phi$ with 2 Nos cranked/bent up @ 1 m from the support
4. उदग्र छल्ले (Vertical stirrups) = 2 legged, 8 mm $\phi$ @ 250 mm c/c in central 2 m span and 2 legged, 8 mm $\phi$ @ 150 mm c/c in remaining portion.
5. पदार्थ (Materials) = $M_{20}$ grade conc. and steel Fe 415 with 25 mm cover.

   बार वैल्डिंग शैडयूल तैयार करते हुये स्टील व कंक्रीट की मात्रायें भी ज्ञात करें।

**उदाहरण 1.7 :** एक आयताकार बीम (Simply Supported) साइज 300 × 600 mm के L-sec व दो X-sec (एक मध्य में व दूसरा आलम्ब के पास निम्न आंकड़ों के साथ खींचें तथा बेन्ड़िग (bending) शैडयूल बनाकर स्टील व कंक्रीट की मात्रा भी ज्ञात करें। अन्य डाटा मान लें।

1. शुद्ध पाट (Clear Span) = 4.2 m
2. मुख्य तनन प्रबलन (Main Reinforcement) = 4 Nos. 20 mm$\phi$ curtailed at a distance of 2 m from support
3. लटकन (Hanger bar) = 2 No. 12 mm $\phi$
4. उदग्र छल्ले (Vertical stirrups) = 2 legged, 8 mm $\phi$ @ 150 mm c/c for full length.
5. पदार्थ (Materials) = $M_{20}$ grade conc. and steel Fe 415

## § 1.12. Lintel :

### Effective Load on Lintel




चित्र 1.26

AKC TECHNICAL CLASSES




चित्र 1.27—Details of Reinforcement in Lintel

## § 1.13. Classification of Lintels :

- Timber Lintel
- Steel Lintels
- Stone Lintel
- R.C.C. Lintels
- Brick Lintels




चित्र 1.28—R.C.C. Lintel over Interior Door Opening




चित्र 1.29—Lintel over Exterior Window Opening

AKC TECHNICAL CLASSES

## § 1.14. Typical L-section and X-sections of R.C.C. Lintel :




चित्र 1.30—R.C.C. Lintel

AKC TECHNICAL CLASSES

## § 1.15. Typical R.C.C. T-beam :




चित्र 1.31—R.C.C. T-Beam

AKC TECHNICAL CLASSES




चित्र 1.32—R.C.C. T-Beam (Doubly Reinforced)

AKC TECHNICAL CLASSES




चित्र 1.33

AKC TECHNICAL CLASSES

## अभ्यास

**उदाहरण 1.8 :** एक बीम के लिये निम्न डाटा दिये गये हैं। यदि यह बीम टी बीम (T-Beam), उल्टी टी बीम (Inverted T-Beam) तथा एल बीम (L-Beam) हो तो इसके L-section तथा X-section खींचिये।

1. शुद्ध पाट (Clear span) = 4 m
2. सपोंट की चौड़ाई (Support Width) = 30 mm
3. वैब का साइज (Size of Web) = 350 × 400 mm
4. फ्लैंज का साइज (Size of Flage) = 1200 × 120 mm
5. मुख्य प्रबलन (Main Reinforcement) = 3 Nos. 20 mm $\phi$ (tor) + 3 Nos. 16 mm $\phi$ (tor) in two layers and to be curtailed at a distance 400 mm from inner face of support.
6. लटकन छड़ें (Hanger bars) = 3 Nos. 20 mm $\phi$ (tor)
7. उदग्र छल्लें (Stirrups) = 2 legged 8 mm $\phi$ (tor) @ 200 c/c
8. पदार्थ (Materials) = $M_{20}$ conc. and Fe 415 steel.

**हल : Flanged Beam**—चित्र 1.34 देखें।




चित्र 1.34

AKTECHNICAL CLASSES

## § 1.16. प्रास धरन (Cantilever Beam) का डिजाइन (Design) :

**विधि (Procedure)**—डिजाइन करने की विधि के मुख्य बिन्दु निम्नवत है—

**A. सेक्शन**

1. आबद्ध (Fixed) सिरे पर गहराई $D = \frac{\text{पाट}}{5}$ से $\frac{\text{पाट}}{8}$ सामान्यत: इसे $\frac{\text{पाट}}{6}$ अर्थात् $\frac{l}{6}$ मान लेते हैं।
2. मुक्त सिरे (Free End) पर गहराई $D' = 100$ से 200 mm
3. चौड़ाई $= \frac{D}{2}$ से $\frac{D}{3}$ यह चौड़ाई पूरी लम्बाई में समान रखी जाती है। सामान्यत: $\frac{D}{2}$ लेते हैं।

**B. भार तथा नमन आघूर्ण (Weight and B.M.)**

(i) बीम के Fixed सिरे पर maximum B.M. $= M_1 = \frac{w_1 L^2}{2}$

(ii) कर्तन बल Fixed सिरे पर maximum होगा $= w_1 L$ $[w_1 = \text{U.D.L.} = \text{Live Load}]$

(iii) स्वयं का भार (Dead Load)—यह बीम समलम्बाकार (Tripizoidal) होती है। अत: आबद्ध (Fixed) सिरे से C.G. की दूरी $\bar{x} = \left(\frac{D+2D'}{D+D'}\right) \times \frac{L}{3}$

(iv) भार $= W_2 = \frac{D+D'}{2} \times$ Width of beam $\times L \times$ density of R.C.C. beam

(v) B.M. (For dead load) $= M_2 = W_2 \times \bar{x}$

(vi) कुल नमन आघूर्ण (Total B.M.), $M = M_1 + M_2$

(vii) अधिकतम कर्तन बल $V = w_1 L + W_2$

**C. बीम की आबद्ध (Fixed) सिरे पर गहराई—**

प्रभावी गहराई (Effective Depth), $d = \sqrt{\frac{M}{Q \times b}}$

सम्पूर्ण गहराई $= d + \left(25\text{ mm} + \frac{\phi}{2}\right)$ [25 mm कवर लिया गया है, $\phi$ = छड़ का व्यास]

**D. प्रबलन स्टील (Reinforcement Steel)**

तनन इस्पात का क्षेत्रफल, $A_{st} = \frac{M}{\sigma_{st} \times z}$




चित्र 1.35—Typical Section of Cantilever

AKC TECHNICAL CLASSES

**उदाहरण 1.9 :** निम्न डाटा के साथ कैन्टीलीवर बीम (Cantilever Beam) के प्लान (Plan) एल सेक्शन (L-Section) तथा दो क्रास सेक्शन (Cross-sections) खीचें।

(i) शुद्ध पाट (Clear Span) = 3.2 m

(ii) मुक्त सिरे पर कुल गहराई (Overall depth at free end) = 150 mm

(iii) आबद्ध सिरे पर कुल गहराई (Overall Depth at Fixed End) = 450 mm

(iv) बीम की चौड़ाई (Width of Cantilever Beam) = 300 mm

(v) मुख्य प्रबलन (Main Reinforcement) = 4 Nos. 28 mm $\phi$ with two bars curtailed @ 1.5 m from support

(vi) स्थिरण छड़ें (Anchor bars) = 2 Nos. 16 mm $\phi$

(vii) उदग्र छल्ले (Stirrups) = 6 mm $\phi$ @ 400 mm c/c

(viii) आबद्ध सिरे पर बियरिंग (Bearing at Fixed End) = 300 mm (बीम की चौड़ाई)

(ix) पदार्थ (Materials) – $M_{20}$ ग्रेड कंक्रीट तथा स्टील छड़ें Fe 415.




चित्र 1.36

**उदाहरण 1.10 :** एक प्रास बीम (Cantilever Beam) 3.2 m लम्बी है जो चिनाई की दीवार पर रखी गयी है इसके ऊपर स्लैब स्थापित है। निम्न आँकड़ों के साथ बीम का प्लान (Plan), एल सेक्शन (L-Section) तथा दो क्रास सेक्शनस (X-Sections) खींचे।

AKC TECHNICAL CLASSES




चित्र 1.37

AKC TECHNICAL CLASSES

**आंकड़े—**

(i) बीम का साइज (Size of Beam) = 300 mm × 350 mm @ free end and 300 mm × 450 mm @ fixed end

(ii) दीवार में लम्बाई (Length in the Wall) = 4.8 m

(iii) मुख्य प्रबलन (Main Steel) = 4 Nos 25 mm ϕ, 2 Nos, curtailed at 1.2 m from free end.

(iv) लटकन छड़ें (Hanger Bars) = 2 Nos 16 mm ϕ

(v) उदग्र छल्ले (Stirrups) = 6 mm ϕ-2 legged @ 200 mm c/c in the support wall and @ 100 mm c/c from fixed end upto 1 m length @ 150 mm c/c upto curtailed bars and in remaining length @ 200 mm c/c

(vi) पदार्थ (Materials)—$M_{20}$ grade conc. and Fe 415 steel.

**हल :** चित्र 1.37 देखें।

**उदाहरण 1.11 : निम्न डाटा के आधार पर प्रासबीम** (Cantilever Beam) के L-Section, two X-sections खींचें।

**आंकड़े—**

(i) शुद्ध पाट (Clear Span) = 3.2 m

(ii) स्वतन्त्र सिरे (Free End) पर कुल गहराई = 150 mm

(iii) आबद्ध (Fixed) सिरे पर कुल गहराई = 450 mm

(iv) बीम की चौड़ाई (Width of Beam) = 300 mm

(v) मुख्य प्रबलन (Main Steel) = 4 Nos 28 mm ϕ with 2 Nos bars curtailed at 1.5 m from support

(vi) स्थिरण छड़ें (Anchor Bars) = 2 Nos 16 mm ϕ

(vii) उदग्र छल्ले (Stirrups) = 6 mm ϕ @ 40 mm c/c

(viii) आबद्ध सिरे पर बियरिंग (Bearing at Fixed End) = 300 mm

(ix) पदार्थ (Materials) = $M_{20}$ conc. and Fe 415 steel.




चित्र 1.38

AKC TECHNICAL CLASSES

## § 1.17. आर०सी०सी० संरचनाओं में प्रबलन इस्पात के सही स्थान पर लगाना (Placement of Reinforcement at Correct Place in R.C.C. Structure) :

### A. BEAM




चित्र 1.39

### B. GRID BEAM




चित्र 1.40

AKC TECHNICAL CLASSES

## C. DETAILS OF MAIN AND SECONDARY BEAMS




चित्र 1.41

## D. SHEAR AND TORSION REINFORCEMENT IN BEAMS




चित्र 1.42

AKC TECHNICAL CLASSES

## E. CONTINUOUS BEAM




चित्र 1.43




चित्र 1.44

AKC TECHNICAL CLASSES

## F. CANTILEVER BEAM

(a)




चित्र 1.45

AKC TECHNICAL CLASSES

**(b) Cantilever Beam Projecting from Column**




चित्र 1.46

(c) **Cantilever Beam**







चित्र 1.47

## G. SLOPING BEAM







चित्र 1.48

AKC TECHNICAL CLASSES

## H. HAUNCH BEAMS




चित्र 1.49

## I. BEAM-COL JN-EXTERIOR




चित्र 1.50

AKC TECHNICAL CLASSES

## J. STAIRCASE-WITH WAIST SLAB




चित्र 1.51

## K. FOOTING-DETAILS (INDEPENDENT)




चित्र 1.52

## § 1.18. स्तम्भों के आकार (Shape of Columns) :

ज्यामितीय (Geometry) दृष्टि से यह कोई भी आकार ले सकते हैं, परन्तु इन्हें बनाने (Casting) की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये निम्नलिखित आकृति के स्तम्भ बनाये जाते हैं।

(i) वर्गाकार (ii) आयताकार (iii) वृत्ताकार (iv) षट भुजाकार (v) अष्ट भुजाकार (vi) समकोणीय (एल आकार)

AKC TECHNICAL CLASSES



(i) वर्गाकार (Square) (ii) आयताकार (Rectangular) (iii) वृत्ताकार (Circular) (iv) षटभुजाकार (Hexagonal) (v) अषटभुजाकार (Octagonal)



समकोणीय (एल-आकार)
(L-Shape Column)

**चित्र 1.53**

**Ties in Columns**




**चित्र 1.54—Typical Tie Arrangements**

AKC TECHNICAL CLASSES




चित्र 1.55—Rectangular




चित्र 1.56

**RCC Columns :** Columns of square, rectangular and circular sections.




चित्र 1.57




चित्र 1.58—Shapes of Isolated Footings

AKC TECHNICAL CLASSES




चित्र 1.59




चित्र 1.60 (a)

AKC TECHNICAL CLASSES




चित्र 1.60 (b)




चित्र 1.61 (a)

AKC TECHNICAL CLASSES




चित्र 1.61 (b)

## § 1.19. Types of Column Footing Foundation :




चित्र 1.62—वर्गाकार स्तम्भ नींव

AKC TECHNICAL CLASSES




**चित्र 1.63—Rectangular column footing**




**चित्र 1.64—Circular column foundation**

AKC TECHNICAL CLASSES




**चित्र 1.65—Pedestal type column foundation**




**चित्र 1.66—Wall or step footing type foundation**




**चित्र 1.67**

AKC TECHNICAL CLASSES




चित्र 1.68—Dowel Bars




चित्र 1.69—Anchoring R.C.C. Beams and Columns

AKC TECHNICAL CLASSES


2.50 M
2.50 M
500 mm
500 mm
3
6
4
